# कार्यालय, नगरपालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in


क्र./स्टे.आयु./ /2026/4385 भिलाई, दिनांक 02/01/2026

प्रति,

जोन आयुक्त,
जोन–1,2,3,4 एवं 5
नगर पालिक निगम
भिलाई

**विषय :–** निविदा कार्यो की ई–निविदा को खोलने की कार्यवाही निर्धारित समय पर करने के संबंध में।

..00..

संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, रायपुर द्वारा समीक्षा की गई कि नगरपालिक निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य का ई–प्राक्यूर्मेंट वेबसाईट पर ई–निविदा की कार्यवाही हेतु अपलोड की गई है, जिसकी निविदा खोलने की कार्यवाही निर्धारित दिवस को नही की गई है जिस पर संचालनालय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है जबकि यह निर्देशित किया गया है निविदाकारों के समक्ष ही निविदा खोलने की कार्यवाही नियत तिथि को ही की जाये। सूची में उल्लेखित कार्य की निविदा खोलने की निर्धारित दिवस व्यतीत हो जाने के उपरांत भी निविदा नहीं खोली गयी है।

अतः उपरोक्त विषयांतर्गत पूर्व में जारी निर्देश पत्र दिनांक 03.12.2024 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये सर्व संबंधित को विधिवत सूचित करते हुए आगामी सोमवार दिनांक 05/01/2026 को निविदा खोलना नियमानुसार सुनिश्चित किया जाये।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ. क्र./स्टे.आयु./ /2026/4386 भिलाई, दिनांक 02/01/2026

**प्रतिलिपिः–**

1. संचालक, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य अभियंता, नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता I/II, नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. कार्यपालन अभियंता (सर्व), नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

# Municipal Corporation Bhilai

## Year - 2025 Not Opned (Tech. and Financial)

| | S. No | Tender No | Name Of Work | Schedule |
|---|---|---|---|---|
| Z-5 | 1 | 181563 | वार्ड क्र 70 हुडको में नवनिर्मित मंगल भवन के सामने और परिसर गार्डन सौन्दर्यीकरण एवं पार्किंग निर्माण कार्य | START-Dec 10, 2025 6:00:00 PM<br>DUE-Dec 31, 2025 5:30:00 PM |
| Z-2 | 2 | 181413 | वार्ड क्र 15 अम्बेडकर नगर अंतर्गत शांति नगर सड़क नंबर 7 8 सड़क 6 सी में सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य । | START-Dec 9, 2025 6:00:00 PM<br>DUE-Dec 30, 2025 5:30:00 PM |
| Z-1 | 3 | 181393 | वार्ड-11 फरीद नगर कोहका वार्ड अंतर्गत टाटा लाईन, सुंदर नगर के विभिन्न गलियों में सीवर लाईन निर्माण कार्य। | START-Dec 8, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 29, 2025 5:30:00 PM |
| Z-3 | 4 | 181392 | वार्ड क्रमांक 63 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | START-Dec 8, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 31, 2025 5:30:00 PM |
| Z-3 | 5 | 181387 | वार्ड क्रमांक 30 प्रगति नगर साई मेडिकल से खड़े होटल तथा सुभाष चौक से त्रिया मेडिकल तक आर.सी.सी. नाली कवर सहित वीर सावरकर मार्केट में आर.सी.सी रोड निर्माण कार्य। | START-Dec 8, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 31, 2025 5:30:00 PM |
| Z-2 | 6 | 181377 | वार्ड क्र 20 वैशाली नगर अंतर्गत विभिन्न स्थानो पर सीवरेज लाइन सधारण कार्य। | START-Dec 8, 2025 6:00:00 PM<br>DUE-Dec 30, 2025 5:30:00 PM |
| Z-3 | 7 | 181370 | वार्ड क्रमांक 34 अंतर्गत मिलन चौक] जनता स्कूल] गणेश चौक तथा विभिन्न आंतरिक स्थानो मे नाली निर्माण कार्य। | START-Dec 8, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 31, 2025 5:30:00 PM |
| Z-3 | 8 | 181352 | वार्ड क्रमांक 33 सतोषी पारा कांपाश्रुर बैजनाथ धाम में डोमशेड निर्माण कार्य | START-Dec 8, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 31, 2025 5:30:00 PM |
| Z-3 | 9 | 181349 | वार्ड क्रमांक 36 टाटा लाईन में सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। | START-Dec 8, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 31, 2025 5:30:00 PM |
| Z-3 | 10 | 181346 | वार्ड क्रमांक 33 सतोषी पारा बेलदार बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | START-Dec 8, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 31, 2025 5:30:00 PM |
| Z-1 | 11 | 181199 | वार्ड-17 नेहरू भवन वार्ड अंतर्गत मल्लाह पारा, पार्षद निवास, कपाली डेरा एवं अन्य क्षेत्रो मे सी.सी.रोड निर्माण कार्य। | START-Dec 4, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 26, 2025 5:30:00 PM |
| Z-1 | 12 | 181194 | वार्ड-08 कृष्णा नगर अंतर्गत चौहान निवास से बजरंग चौक के पीछे तक सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | START-Dec 4, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 26, 2025 5:30:00 PM |
| Z-1 | 13 | 181193 | वार्ड-07 मैत्री उधान मे डोमशेड निर्माण कार्य। | START-Dec 4, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 26, 2025 5:30:00 PM |
| Z-1 | 14 | 181190 | वार्ड-03 मॉडल टाउन में सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | START-Dec 4, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 26, 2025 5:30:00 PM |
| Z-1 | 15 | 181174 | वार्ड-06 होजियारी मार्केट के पास सीमेंटीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य | START-Dec 4, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 26, 2025 5:30:00 PM |
| Z-4 | 16 | 181116 | वार्ड क्र. 38 सोनिया गांधी नगर में परशुराम चौक से हीरो शो-रूम तक सौंदर्यीकरण कार्य। | START-Dec 3, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 24, 2025 5:30:00 PM |
| Z-4 | 17 | 181089 | वार्ड क्र. 38 सोनिया गांधी नगर परशुराम चौक के पास डोम शेड निर्माण कार्य। | START-Dec 3, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 24, 2025 5:30:00 PM |
| Z-4 | 18 | 181003 | जोन क्र. 04 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य। | START-Dec 2, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 23, 2025 5:30:00 PM |
| Z-4 | 19 | 180766 | जोन क्र. 04 शिवाजी नगर अंतर्गत नालियो से गुजरने वाली पाईप लाईन को डी.आई. पाईप लाईन से इनकेशिंग करने का कार्य। | START-Nov 28, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 22, 2025 5:30:00 PM |
| Z-4 | 20 | 180765 | शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल छावनी में उद्यान निर्माण व सौंदर्यीकरण सह घास लगाने एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण कार्य | START-Nov 28, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 22, 2025 5:30:00 PM |
| Z-4 | 21 | 180753 | शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल छावनी में उद्यान निर्माण व सौंदर्यीकरण सह घास लगाने एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण कार्य | START-Nov 28, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 22, 2025 5:30:00 PM |
| Z-4 | 22 | 180736 | वार्ड क्र. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर के जर्जर ए.सी. पाईप लाईन के स्थान पर जी.आई. पाईप लाईन बिछाने का कार्य। | START-Nov 28, 2025 9:30:00 PM<br>DUE-Dec 22, 2025 5:30:00 PM |
| Z-5 | 23 | 180506 | जोन 05 क्षेत्रान्तर्गत सेक्टर 06 कार्यालय में पंप संचालन कार्य हेतु अकुशल श्रमिक प्रदाय कार्य। | START-Nov 26, 2025 7:00:00 PM<br>DUE-Dec 17, 2025 5:30:00 PM |
| Z-5 | 24 | 180422 | वार्ड 66 सेक्टर 07 कल्याण कॉलेज Drinking Water plant 1000 LPH RO PLANT 1000 Liter Insuleted SS Tenk प्रदाय कार्य। | START-Nov 25, 2025 7:00:00 PM<br>DUE-Dec 16, 2025 5:30:00 PM |
| Z-1 | 25 | 179963 | नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रातर्गत प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक एवं प्राकृतिक फुटबॉल मैदान निर्माण कार्य। | START-Nov 18, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Dec 16, 2025 5:30:00 PM |

| S. No | Tender No | Name Of Work | Schedule |
|---|---|---|---|
| 26 | 174746 | भिलाई निगम के जोन क्रं 03 अंतर्गत टाउनशीप क्षेत्रान्तर्गत आने वाले वार्डों में विशेष साफ - सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करने के संबंध में। | START-Sep 2, 2025 5:30:30 PM<br>DUE-Sep 22, 2025 5:30:00 PM |
| 27 | 171950 | विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर कालीबाड़ी के पास सार्वजनिक डोम शेड व मंच का सर्व सुविधा युक्त सौंदर्यीकरण कार्य। | START-Jul 11, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Aug 1, 2025 5:30:00 PM |
| 28 | 169416 | Contract of Annual Operation & Maintenance of • 66 | START-May 29, 2025 5:30:36 PM<br>DUE-Jun 13, 2025 5:30:59 PM |
| 29 | 167561 | Contract of Annual Operation & Maintenance of 66MLD Wat... | START-Apr 28, 2025 5:30:40 PM<br>DUE-May 19, 2025 5:30:00 PM |
| 30 | 166821 | निगम क्षेत्र में वायु प्रदूषण जागरूकता हेतु आऊट डोर एल.ई.डी. स्क्रीन एवं वॉल पेंटिंग कार्य। | START-Apr 8, 2025 5:30:00 PM<br>DUE-Apr 29, 2025 5:30:00 PM |
| 31 | 165056 | राइजिंग मेन डी.आई. पाईप लाईन संधारण कार्य। | START-Feb 19, 2025 5:30:19 PM<br>DUE-Mar 12, 2025 5:30:03 PM |

## दस्तावेज खोला गया परन्तु दर नही खोला गया (स्वास्थ्य विभाग )

| S. No | Tender No | Name Of Work | Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | 174746 | भिलाई निगम के जोन क्रं 03 अंतर्गत टाउनशीप क्षेत्रान्तर्गत आने वाले वार्डों में विशेष साफ - सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करने के संबंध में। | START-Sep 2, 2025 5:30:30 PM<br>DUE-Sep 22, 2025 5:30:00 PM |

# कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं. 0788 2350125, फैक्स नं. 0788 4040118
ई मेल nigam_bhilai@yahoo.co.in

क्र. एफ 166/से/आयु/2024/33914 भिलाई, दिनांक 3/12/24

## //आदेश//

नगर पालिक निगम, भिलाई अंतर्गत विभिन्न कार्यो हेतु निविदा समय-समय पर आमंत्रित की जाती है तथा निविदा प्रक्रिया समय-सीमा में पूर्ण होने से निगम के सामान्य एवं विकास कार्यो को समय-सीमा में पूरा करना संभव हो पाता है।

नगर पालिक निगम, भिलाई अंतर्गत निविदा प्रक्रिया निम्नानुसार एवं पारदर्शिता से पूणं करने की दृष्टि से लोकहित में यह आदेशित किया जाता है कि :-

1. निविदा सूचना में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोले जानें की तिथि, समय व स्थल का स्पष्ट उल्लेख किया जावें।
2. निविदा सूचना अनुसार निर्धारित, तिथि, स्थल एवं समय पर निविदा खोले जाने की कार्यवाही उपस्थित निविदाकारों के समक्ष निविदा समिति द्वारा अनिवार्यतः की जावें।
3. तकनीकी रूप से अपात्र पाए जाने पर संबंधित निविदाकार को चेकलिस्ट अनुसार अपात्रता के कारण/कारणों की मौखिक सूचना, निविदा समिति के अध्यक्ष द्वारा अनिवार्यतः दी जावे तथा विस्तृत कार्यवाही विवरण यथाशीघ्र तैयार किया जावें।
4. तकनीकी रूप से पात्र पाए गए सभी निविदाकारों की वित्तीय निविदा निविदा सूचना अनुसार निर्धारित तिथि/स्थल पर ही खोली जावें तथा प्राप्त दरों की मौखिक सूचना सभी पात्र निविदाकारों को उसी समय दी जावें तथा तुलनात्मक चार्ट व कार्यवाही विवरण यथाशीघ्र तैयार किया जावें।
5. यदि किसी अपरिहार्य कारण/समयाभाव के कारण वित्तीय निविदा निविदा सूचना अनुसार निर्धारित तिथि/स्थल पर खोला जाना संभव नहीं हो तो आयुक्त की लिखित पूर्वानुमति प्राप्त कर आगामी कार्यदिवस में वित्तीय निविदा अनिवार्यतः खोली जावें।
6. निविदा समिति द्वारा कृत कार्यवाही के संबंध में विधिवत् कार्यवाही विवरण, चेकलिस्ट एवं तुलनात्मक चार्ट, निविदा खोले जाने की तिथि के आगामी कार्य-दिवस को निविदा स्वीकृति हेतु, सक्षम अधिकारी यथास्थिति जोन आयुक्त/आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई के समक्ष विधिवत् कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

इस आदेश की अवहेलना को गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा तथा निविदा समिति के अध्यक्ष/सदस्यों की व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह मानते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

क्रमशः ...(2)...

पृ. क्र. एफ 166 / स्थे.आयु. / 2024 / 2345 भिलाई, दिनांक 3/12/24

**प्रतिलिपिः–**

1. महापौर / सभापति महोदय, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता I/II, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त, नगर पालिक निगम,भिलाई को सूचनार्थ।
5. जोन आयुक्त / कार्यपालन अभियंता, जोन–1,2,3,4 एवं 5, जलकार्य / वाहन / स्टोर्स / उद्यान / कम्प्युटर / भवन संधारण, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
6. लेखाधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम भिलाई को निगम के वेबसाईट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।
8. सर्व संबंधित / विभाग प्रमुख .................................................................. नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एव पालनार्थ।
9. अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई